न्यायालय राजस्व मण्डल, मध्य प्रदेश, ग्वालियर

समक्ष– आशीष श्रीवास्तव,
सदस्य

निगरानी प्रकरण कमांक 1436–चार / 08 विरूद्ध आदेश दिनाक 13–10–2008 अपर आयुक्त, रीवा संभाग, रीवा के प्रकरण कमांक 16 / अपील / 08–09

1 श्रीमती छोटी पत्नी राममिलन तेली
2 राममिलन तनय स्व0 अकाली तेली
दोनों निवासी मझियारी तहसील नागौद जिला सतना म0 प्र0

...........आवेदकगण

विरूद्ध

1 लक्ष्मण तनय स्व0 अकाली तेली निवासी मझियारी
2 फुलमतिया पुत्री स्व0 अकाली तेली पत्नी गयादीन तेली निवासी मझियारी
3 मर्री पुत्री स्व0 अकाली तेली पत्नी रामाश्रय तेली निवासी सेमरिया
तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0 प्र0
4 सम्पत पुत्री स्व0 अकाली तेली पत्नी स्व0 महति तेली
निवासी शिवराजपुर तहसील नागौद जिला सतना म0 प्र0

..........अनावेदकगण

श्री प्रदीप श्रीवास्तव, अभिभाषक आवेदकगण
श्री एस0 के0 श्रीवास्तव, अभिभाषक, अनावेदकगण

:: आ दे श ::

(आज दिनांक 1-12-2015 को पारित)

यह निगरानी प्रकरण कमांक 1436–चार / 08 राजस्व मण्डल में म.प्र. भू–राजस्व संहिता, 1959 (जिसे संक्षेप में सहिता कहा जायेगा) की धारा 50 के अंतर्गत अपर आयुक्त, रीवा के प्रकरण कमांक 16 / अपील / 08–09 में पारित आदेश दिनांक 13–10–2008 के विरूद्ध कायम हुआ है ।